...उधर, टीईटी 2018 का संशोधित परिणाम आज होगा जारी, 22 तक कर सकेंगे आवेदन

लखनऊ। यूपी टीईटी 2018 का संशोधित परिणाम बृहस्पतिवार को जारी किया जाएगा। इसे देखते हुए 69,000 सहायक अध्यापक भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि भी 22 दिसंबर कर दी गई है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश के बाद परीक्षा नियामक प्राधिकारी ने टीईटी का संशोधित परिणाम जारी करने का फैसला किया है। बेसिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रभात कुमार ने बताया कि बृहस्पतिवार को टीईटी का संशोधित परिणाम जारी किया जाएगा। इसके साथ ही सहायक अध्यापक भर्ती परीक्षा में आवेदन की अंतिम तिथि 20 दिसंबर से बढ़ाकर 22 दिसंबर कर दी गई है। अभ्यर्थी अब 23 दिसंबर तक परीक्षा शुल्क जमा करा सकेंगे। लिखित परीक्षा 6 जनवरी को ही होगी। बुधवार तक 4 लाख 57 हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया है और 3 लाख 82 हजार अभ्यर्थियों ने परीक्षा शुल्क जमा कराया है। ब्यूरो

69,000 सहायक अध्यापक भर्ती परीक्षा 6 जनवरी को ही होगी